**समस्या** ▶ वार्डवासियों ने दमोह-सागर स्टेट हाईवे पर लगाया जाम, मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी

# निकासी नहीं होने से घरों में भरा नालियों का पानी





**नवभारत,दमोह 24 अगस्त।** शहर से लगी हिरदेपुर ग्राम पंचायत के गौ-पुरा गांव में बारिश के पानी की निकासी नहीं होने से नालियों का पानी सड़क और घरों में भर गया है. पिछले तीन दिन से घरों में पानी भरा हुआ है। गंदगी और बदबू से परेशान लोगों ने रविवार दोपहर सागर नाका चौकी के सामने दमोह-सागर स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया, जिससे सैकड़ों वाहन जाम से फंस गए. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से हटने कहा, लेकिन वे नहीं माने. इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे, जिन्हें इस गंदे पानी से हो रही समस्या से अवगत कराया गया. वार्डवासियों ने बताया कि यहां पर लोग बीमार हो रहे हैं. कई बार शिकायत के बाद जब समाधान नहीं हुआ तो हमें विरोध का यह तरीका अपनाना पड़ा.

**पुलिस ने समझाने का किया प्रयास-** पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग गुस्से में थे. उनका कहना था कि जब तक जवाबदार अधिकारी तुरंत उनकी समस्या का समाधान नहीं करते वो नहीं हटेंगे. इसके बाद तहसीलदार रॉबिन जैन, नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी, आशुतोष गुप्ता, हलधर प्रसाद मिश्रा सीईओ, थाना प्रभारी रोहित कुमार द्विवेदी, राजस्व निरीक्षक अभिषेक जैन, सचिव जैन मौके पर पहुंचे.

**नायब तहसीलदार ने मौके पर जाकर मुआयना किया**

लोगों ने कहा कि अधिकारी पहले उनके वार्ड में चलकर उनकी समस्या देखें. इसके बाद नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी उस क्षेत्र में गए जहां पानी ही पानी भरा था. नायब तहसीलदार चतुर्वेदी ने खुद उस गंदे पानी में घूम कर देखा और माना कि वास्तव में यहां समस्या है, इसलिए लोग परेशान हैं. वार्ड की महिलाओं ने बताया गर्मी के दिनों में कोई समस्या नहीं होती, लेकिन बारिश के चार महीने उनके घर के सामने और अंदर पानी भरा रहता है.

**पानी की निकासी के आश्वासन के बाद जाम खुला**

सरपंच मंटू खटीक ने बताया एक तरफ कालोनी की दीवार और दूसरी तरफ मंडी की दीवार है. इस कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है. उन्होंने कलेक्टर को भी समस्या बताई है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ. तहसीलदार रॉबिन जैन ने बताया कि नगर पालिका की टीम बुलाई गई है. निरीक्षण करने के बाद यह तय किया जाएगा कि आखिरकार पानी की निकासी किन-किन स्थानों से नहीं हो रही और इस निकासी के प्रबंध आज ही किए जाएंगे. प्रशासनिक अधिकारियों के इस आश्वासन के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ और उन्होंने सड़क से जाम हटाया.



## गुणवत्ताहीन नाली निर्माण पर ग्रामीण आक्रोशित

**नवभारत,पटेरा 24 अगस्त।** पटेरा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत लुहर्रा में लगभग 9 लाख रुपये से अधिक की स्वीकृत राशि से प्राथमिक शाला से गांव की ओर पक्की नाली का निर्माण कराया गया है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच और सचिव द्वारा बनाई गई, यह नाली आधी-अधूरी और बेहद गुणवत्ताहीन है.

ग्रामीणों ने बताया कि नाली में कमजोर सरिए डाले गए हैं और पानी की निकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं है. जिसके चलते पूरी नाली जगह-जगह चोक हो चुकी है. इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. वहीं, नाली के पास प्राथमिक शाला होने से छोटे-छोटे बच्चों के खेलने के दौरान दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है. ग्रामीणों ने इस मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की है ताकि जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो सके और कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके.

### एक नजर में

## उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल आज हटा आएंगे

**नवभारत,दमोह 24 अगस्त।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल आज सोमवार 25 अगस्त को शाम 07 बजे हटा आएंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। आप 7:30 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सचिव सनत कुमार चौबे निलंबित

**नवभारत,दमोह 24 अगस्त।** सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने जनपद पंचायत दमोह के सीईओ हलधर मिश्रा के प्रतिवेदन पर ग्राम पंचायत बिलाई, जनपद पंचायत दमोह के सचिव सनत चौबे को निलंबित कर दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दमोह के प्रतिवेदन में सचिव सनत चौबे द्वारा ग्राम पंचायत बिलाई की महिला सदस्य दीपरानी पटेल को एसपीआर पोर्टल पर मृत दर्ज कर दिया था, जबकि वह जीवित हैं। यह कृत्य प्रथम दृष्टया गंभीर अनियमितता व लापरवाही की श्रेणी में पाया गया। निलंबन अवधि में चौबे का मुख्यालय जनपद पंचायत दमोह कार्यालय रहेगा तथा उन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा।

## कलेक्टर ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

**नवभारत,दमोह 24 अगस्त।** जिमनेजियम हॉल में चल रहे ओपन बैडमिंटन टूनामेंट में रविवार को मुख्य अतिथि सुधीर कुमार कोचर कलेक्टर ने पधारकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ा कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. सिंगल्स व डबल्स के क्वालिफाई मैच अभी जारी है. इसके बाद दूसरे राउंड के मैच होंगे. दूसरे राउंड में विजयी टीम क्वार्टर फा इनल में पहुंचेगी. आयोजन टीम ने कलेक्टर का पौधा देकर स्वागत व सम्मान किया.

## गुलाब अध्यक्ष व राकेश सेन बने उपाध्यक्ष



**नवभारत,दमोह 24 अगस्त।** राष्ट्रीय सर्व सेन समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरेलाल सेन ने व संगठन के पदाधिकारियों की सर्व सहमति से बांदकपुर ग्रामीण अध्यक्ष गुलाब सेन बने व ग्रामीण सेन समाज उपाध्यक्ष राकेश सेन को बनाया गया. राष्ट्रीय सर्व सेन समाज संगठन ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

## समासेवी राजेश पटेल का निधन



**नवभारत,पथरिया 24 अगस्त।** समाजसेवी, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, नामी व्यवसायी व भारतीय किसान संघ के जिला उपाध्यक्ष राजेश पटेल का हृदय गति रुक जाने के कारण करीब 10:15 बजे निधन हो गया। इससे पूरे नगर व क्षेत्र में व सोशल मीडिया पर शोक की लहर छा गई। उनका अंतिम संस्कार उनके पुश्तैनी गांव बोतराई के मुक्तिधाम में करीब 1:30 बजे किया गया। अंत्येष्टि में हजारों की संख्या में सभी वर्गों के लोग शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की.

## छात्राएं स्किल विकास पर ध्यान दे : डॉ. चौधरी

**नवभारत,दमोह 24 अगस्त।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत 30 दिवसीय अल्पावधि स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिदिन 2 घंटे ब्यूटीशियन कोर्स विषय पर 22 अगस्त से 22 सितंबर तक महाविद्यालय की छात्राओं को दिया जाएगा।



## शांति समिति की बैठक आयोजित

**नवभारत,हटा 24 अगस्त।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर हटा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में एसडीएम राकेश मरकाम, एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन, थाना टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय, प्रभारी तह सीलदार शिवराम चढ़ार सहित गणेश उत्सव समितियों के अध्यक्ष सदस्य व ईदमिलादुन्नबी कमेटी सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही.

# ग्रामीणों की समस्या का निवारण जरुरी: लोधी

▶ सर्रा में जिला स्तरीय बैठक सह शिविर आयोजित

**नवभारत,दमोह 24 अगस्त।** जिले की तहसील तेंदूखेड़ा के ग्राम सर्रा में जिला स्तरीय बैठक सह शिविर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

शिविर में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे, वन मंडल अधिकारी नौरादेही एए अंसारी, एसडीएम सौरभ गंधर्व सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि शिविर में ग्रामीणों की



राशन पर्ची, राजस्व प्रकरण, वन विभाग से संबंधित सामान्य समस्याओ के साथ कुछ ऐसी समस्यायें भी आयी, जिनका निदान किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा जब बाढ़ का प्रकोप यहां था तब ग्रामीणों ने आग्रह किया था कि यहां शिविर आयोजित होना चाहिए और रविवार को यह शिविर आयोजित किया गया। समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन होता रहेगा, जिससे कि आमजन की समस्याओं का निराकरण आसानी हो सके।

**कई समस्याओं का किया गया निराकरण**

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा राज्यमंत्री श्री लोधी ने चिंता व्यक्त की थी कि बाढ़ के साथ-2 लोगों की अन्य समस्याओं का निराकरण भी होना चाहिए। रविवार को पहला शिविर सर्रा में आयोजित किया है और इस शिविर में बहुत बड़ी संख्या में लोग आए व उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। यहां पर वन विभाग, राजस्व प्रकरण, खाद्य विभाग, भूमि पर कब्जे, विस्थापन, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, लाड़ली बहना योजना, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, खेल मैदान से संबंधित विषय और समस्याये सामने आयी।



## बाएफ का 59वां स्थापना दिवस मनाया गया

**नवभारत,दमोह 24 अगस्त।** मायसेम सीमेंट फैक्ट्री के अंतर्गत संचालित बाएफ का 59 वां स्थापना दिवस मनाया गया. नरसिंहगढ़ रविवार को नरसिंहगढ़ मायसेम सीमेंट फैक्ट्री के अंतर्गत संचालित बाएफ एकीकृत पशु उत्थान कार्यक्रम का 59 स्थापना दिवस नरसिंहगढ़ बाएफ ऑफिस में मनाया गया. इस दौरान संस्था के संस्थापक डॉ. मणिभाई देसाई के योगदान व जीवन परिचय से अवगत कराया गया. कार्यक्रम में अजय कुमार, गौतम यादव व परियोजना क्षेत्र के पशुपालक उपस्थित रहे.

## युवा कलाकार आदर्श की कृतियां जहांगीर आर्ट गैलरी में प्रदर्शित

**नवभारत,दमोह 24 अगस्त।** युवा कलाकार आदर्श पलंदी ने जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी कलाकृतियां मुंबई की जहांगीर आर्ट गैलरी, काला घोड़ा में रूमिनेशन्स ऑफ इकॉलॉजी एंड इंसाइट्स नामक सामूहिक प्रदर्शनी में प्रदर्शित की जा रही हैं। जहांगीर आर्ट गैलरी भारत की सबसे प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक कला दीर्घाओं में से एक है।

यहां प्रदर्शनी लगाना हर कलाकार के लिए सम्मान और उपलब्धि माना जाता है। इस प्रदर्शनी का क्यूरेशन अनंत कुमार साहू ने किया है। इसमें देशभर से सात समकालीन कलाकार अपनी



कृतियों के साथ शामिल हुए. इनमें आदर्श पलंदी, अमित लोध, अनंत कुमार साहू, बालासाहेब, जितेन साहू, नरेंद्र देवांगन, सुवजीत शामिल है. यह प्रदर्शनी कला, पर्यावरण और मानवीय चिंतन के रिश्तों पर केंद्रित है और विविध दृष्टिकोणों को एक साझा मंच पर प्रस्तुत करती है।

## बच्चे ही भारत का भविष्य : डॉ. राय

**नवभारत,दमोह 24 अगस्त।** स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में 23 अगस्त को उद्यमिता संगम कार्यक्रम हायर सेकेंडरी स्कूल इमलाई में आयोजित किया गया. इसमें दो महिला उद्यमी मनोरमा रतले व रेखा उपाध्याय का सम्मान किया गया. उन्होंने बच्चों को अपने उद्यमी बनने के सफर और संघर्ष को साझा किया.

स्वदेशी जागरण मंच की प्रांतीय महिला सह-कार्य प्रमुख डॉ. सोनल राय ने कहा कि बच्चे ही भविष्य का भारत निर्माण करेंगे. इसलिए स्वदेशी की भावना उनमें अभी से आनी चाहिए. इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम बच्चों के बीच आयोजित किया जा रहा हैं.



## मिट्टी की गणेश मूर्ति बनाने का दिया प्रशिक्षण

**नवभारत,मडियादो 24 अगस्त।** तहसील हटा के अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद जिला दमोह की सहयोगी नवांकुर संस्था तिगरा के ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पुराना खेड़ा में माटी गणेश सिद्ध गणेश बनाने का प्रशिक्षण ब्लॉक समन्वयक पुष्पा सिंह द्वारा दिया गया. प्रदेश में जन अभियान परिषद नवांकुर संस्थाओं व ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां के माध्यम से उपरोक्त अभियान का संचालन कर प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा हैं. उपरोक्त मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड हटा की समन्वयक पुष्पा सिंह द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित रहकर जानकारी सभी के साथ साझा की. ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पुराना खेड़ा की मातृ शक्तियों द्वारा बड़े उत्साह के साथ भजन कीर्तन कर माटी के गणेशकी मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण लिया. इस अवसर कुसुम रानी, कमल रानी, रेखा वैष्णो देवी नीतू, गीता बाई आदि की उपस्थिति रही.

## बंदियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**नवभारत,दमोह 24 अगस्त।** मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी दमोह के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला जेल में जेल अधीक्षक सीएल प्रजापति के मार्गदर्शन में बंदियों के स्वास्थ्य का परीक्षण करने के लिए 23 अगस्त को शिविर लगाया गया. इसमें 49 बंदियों



का स्वास्थ्य परीक्षण व कुष्ठ रोग संबंधी जांच जिला अस्पताल से आये जांच दल ने की. जिला चिकित्सालय दमोह से आये जांच दल में के.आर.पाण्डेय, संजय दुबे व रतन सिंह ठाकुर प्रमुख रूप से से उपस्थित थे. इस दौरान सहायक जेल अधीक्षक रोहित सिंह सिकरवार, मेल नर्स परवेज अख्तर, जेल शिक्षक ऋषिकांत शुक्ला व अन्य जेल स्टाफ भी उपस्थित रहा.















**अभियान** ▶ जिले में चलाया गया अभियान, स्थाई वारंटी और फरार आरोपियों की धर-पकड़ करना रहा उद्देश्य

# कॉबिंग गश्त के दौरान दबोचे गए आधा दर्जन से ज्यादा आरोपी





**नवभारत,दमोह 24 अगस्त।** पुलिस अधिक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में शहर सहित जिलेभर में कॉबिंग गश्त की जा रही है. कॉबिंग गश्त का उद्देश्य निगरानीशुदा बदमाश, न्यायालय द्वारा जारी स्थाई वारंटी और फरार आरोपियों की धर पकड़ करना है. अभियान शनिवार रात 10 बजे से रविवार सुबह 6 बजे तक जारी रहा. सिटी कोतवाली टीआई मनीष कुमार ने बताया कि अब तक आधा दर्जन आरोपियों को पकड़ लिया है. उन पर कार्रवाई की जा रही है. इस



कार्रवाई के लिए अलग-अलग तीन टीमें बनाई गई थीं. पुलिस मुख्यालय के निर्देश व आगामी त्यौहारों के दौरान शांति व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता हेतु आदतन अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु 23 अगस्त की मध्य रात्रि जिले में कॉबिंग गश्त की गई. इस दौरान एसडीओपी हटा प्रशांत सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी पटेरा सरोज के नेतृत्व में थाना पटेरा से पुलिस अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सजगता से कॉबिंग गश्त करते हुए 6 स्थाई वारंटी व 2 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए. आबकारी एक्ट का 3 माह से फरार 1 आरोपी गिरफ्तार किया गया.

**नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार-** पुलिस थाना कुम्हारी ने नाबालिग लड़की को धमकाकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया. थाना प्रभारी कुम्हारी बृजेश पांडे और उनकी टीम ने यह सफलता प्राप्त की. इसमें साइबर सेल की अहम भूमिका रही.

**नाबालिग को इंदौर से किया दस्तयाब-** थाना गैसाबाद पुलिस को सफलता मिली. थाना प्रभारी प्रीति पांडे के नेतृत्व में साइबर सेल की तकनीकी सहायता से हिनौता कला निवासी नाबालिग बच्ची को इंदौर से दस्तयाब किया गया.

**एसपी ने लिया कार्यवाही का लिया जायजा**

गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक सोमवंशी ने स्वयं थाना हिंडोरिया, पथरिया, पटेरा में रात्रि भ्रमण कर कार्यवाही का जायजा लिया. अन्य राजपत्रित, अराजपत्रित पुलिस अधिकारियों ने अपने अनुभाग, थाना में गश्त कर कार्यवाहियों को अंजाम दिया. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गश्त कार्यवाही में जिले के अंतर्गत 150 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए. 1 जिला बदर गिरफ्तार किया गया. 37 वाहन चैक कर 36,400 का समन शुल्क वसूला गया.